उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ।

संख्या-187 /7/45/भर्ती अनुभाग-2/2018/2023 दिनांक: 17 मई, 2023

विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या-18(05)/2016, सीधी भर्ती (सामान्य चयन) 2016 के क्रमांक-10(ii) के अन्तर्गत विज्ञापित **आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग, उत्तर प्रदेश, उद्योग निदेशालय, कानपुर के नियंत्रणाधीन सहायक सांख्यिकीय अधिकारी के 16** पदों पर पूर्व में आनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। **सहायक सांख्यिकीय अधिकारी के 16** पदों के सापेक्ष मार्गदर्शक सिद्धान्त के अनुसार निर्धारित मानक के अनुपात में आवेदकों से विज्ञापित अनिवार्य शैक्षिक अर्हता के सापेक्ष पात्रता परीक्षण हेतु **प्रपत्र/शैक्षिक अभिलेख प्राप्त किए जाने हैं।**

क्र0 सं0	विज्ञापन संख्या	विभाग का नाम	पदनाम/कुल पद	श्रेणीवार पदों की संख्या (लम्बवत/क्षैतिज)	अनिवार्य शैक्षिक अर्हता-1 के प्राप्तांक प्रतिशत तक (कटऑफ)
1-	18(05)/2016	आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग, उत्तर प्रदेश, उद्योग निदेशालय, कानपुर।	सहायक सांख्यिकीय अधिकारी 16 पद	अनारक्षित-05 पद	66.11 प्रतिशत मेरिट तक के समस्त अभ्यर्थी
				अन्य पिछड़ा वर्ग-02 पद	
				अनुसूचित जाति-09 पद	समस्त अभ्यर्थी
				महिला श्रेणी- 03 पद	63 प्रतिशत मेरिट तक के समस्त अभ्यर्थी

सहायक सांख्यिकीय अधिकारी पद हेतु विज्ञापित **अनिवार्य अर्हता**:- "**(1).** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से गणित या गणितीय सांख्यिकी या वाणिज्य या अर्थशास्त्र या सांख्यिकी में सनाकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता। **(2).** डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 सोसायटी द्वारा प्रदान किया गया कम्प्यूटर में "ओ" स्तरीय डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से कम्प्यूटर विज्ञान में कम से कम एक वर्ष का डिप्लोमा। **(3).** देवनागरी लिपि में हिंदी का ज्ञान।" के सापेक्ष पूर्व में आनलाईन आवेदन करने वाले ऐसे समस्त अभ्यर्थी, जिनके द्वारा उपर्युक्त अनिवार्य शैक्षिक अर्हता-1 के सापेक्ष तालिका में दर्शाए गए प्राप्तांक प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए हों, को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की वेबसाइट **http:upsssc.gov.in** होम पेज के **Examination/Interview** सेगमेंट के अंतर्गत **Download Form For Eligibility checking: Direct Recruitment** विकल्प पर क्लिक करके उक्त पद की प्रदर्शित सूची में अपने नाम व रजिस्ट्रेशन नम्बर की पुष्टि करते हुए उपरोक्त अनिवार्य अर्हता-1 में निर्धारित कटऑफ प्राप्तांक प्रतिशत धारित करने की स्थिति में अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर पर आवेदन पत्र, प्रमाणीकरण प्रपत्र, देशनापत्रक एवं अंक तालिका पत्रक डाउनलोड कर मुद्रित करेंगे और वांछित सूचनाएं भरकर **सहायक सांख्यिकीय अधिकारी** के पद हेतु विज्ञापित वांछित अनिवार्य अर्हता/अधिमानी अर्हता से संबंधित उसके समस्त सुसंगत अभिलेख यथा अनिवार्य शैक्षिक अर्हताओं से संबंधित अंक तालिका, प्रमाण पत्र/उपाधि/डिप्लोमा एवं जाति प्रमाण पत्र इत्यादि की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ संलग्न कर सचिव, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ-226010 के पते पर दिनांक-17-05-2023 से अंतिम तिथि दिनांक- 06-06-2023 के सायं काल 5.00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से अथवा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से आयोग कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई भी प्रपत्र/शैक्षिक अभिलेख स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

ऐसे सभी अभ्यर्थी जिनके प्राप्तांक ग्रेड प्वाइंट में अंकित हो और उनके प्राप्तांक प्रतिशत अपनी-अपनी श्रेणियों में निर्धारित मानक के अन्तर्गत हैं, वे सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत इस आशय का प्रमाण पत्र अवश्य प्रेषित करेंगे, जिसमें ग्रेड प्वाइंट के समतुल्य प्राप्तांक प्रतिशत का उल्लेख हो, अन्यथा उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।

17/05/2023

(अवनीश सक्सेना)

सचिव।